**sभारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न 237**
**मंगलवार, 22 जुलाई, 2025/31 आषाढ़,1947 (शक) को उत्तरार्थ**

## सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना

†237. **श्री बसवराज बोम्मईः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सहकारी क्षेत्र में 'विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना' बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति और इस पायलट परियोजना के पूरा होने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा चिह्नित/गठित की जा रही प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) की राज्य-वार संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देश में सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार, विशेष रूप से कर्नाटक राज्य का, ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) से (ख): जी हाँ, मान्यवर । सरकार ने दिनांक 31.05.2023 को "सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना" को मंजूरी दी है जिसे एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया गया है । इस परियोजना में कृषि अवसंरचना कोष (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना योजना (AMI), कृषि यांत्रिकीकरण पर उपमिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME), आदि जैसी भारत सरकार की विभिन्न मौजूदा योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से पैक्स स्तर पर गोदामों, कस्टम हायरिंग केंद्रों, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों, इत्यादि सहित विभिन्न कृषि अवसंरचना का निर्माण शामिल है ।

इस योजना की पायलट परियोजना के अधीन 11 राज्यों के 11 PACS में गोदामों का निर्माण पूरा हो गया है । इसका राज्य-वार ब्योरा **अनुलग्नक -I** में संलग्न है । इसके अतिरिक्त, इस परियोजना के

अंतर्गत 500 से अधिक पैक्स की पहचान गोदाम निर्माण के लिए की गई है और दिसम्बर 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

(ग): भारत सरकार ने पांच वर्षों की अवधि में देश की सभी पंचायतों और गांवों को आच्छादित करने के उद्देश्य से नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/ मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को अनुमोदित किया है । यह पहल नाबार्ड, एनडीडीबी, एनएफडीबी और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा समर्थित है । इस पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिनांक 19.9.2024 को 'मार्गदर्शिका' का विमोचन किया गया, जो हितधारकों के लिए लक्ष्य और समय-सीमा निर्दिष्ट करती है । राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार दिनांक 15.02.2023 को योजना के अनुमोदन के बाद से दिनांक 30.06.2025 तक देश भर में कुल 22,933 नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं, जिनमें 5,937 बहुउद्देशीय पैक्स शामिल हैं। इस योजना के अनुमोदन के बाद से गठित बहुउद्देशीय पैक्स का राज्य-वार ब्योरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है ।

(घ) से (ङ): पैक्स को सुदृढ़ करने हेतु 2925.39 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय से कार्यशील पैक्स के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया हैं, जिसमें देश के सभी कार्यशील पैक्स को कॉमन ERP आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाकर राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) तथा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) के माध्यम से नाबार्ड से लिंक करना शामिल है । इस परियोजना के अधीन 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कुल 73,492 पैक्स अनुमोदित किए गए हैं । 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा हार्डवेयर की खरीद कर ली गई है तथा कुल 59,920 पैक्स को ERP पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है ।

पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य से कुल 5,628 पैक्स को संस्वीकृत किया गया है, जिनमें से 3,765 पैक्स को ईआरपी सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड किया गया है और 5,491 पैक्स को हार्डवेयर वितरित किए गए हैं । राज्यवार ब्योरा **अनुलग्नक -III** में संलग्न है ।

*****

**अनुलग्नक -I**

**पायलट परियोजना के अंतर्गत निर्मित पैक्स गोदामों का विवरण**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिला | पैक्स का नाम | गोदाम की क्षमता (मीट्रिक टन) | निर्मित अवसंरचना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | अमरावती | नेरिपांगलाई विविध कार्यकारी सहकारी संस्था | 3,000 | गोदाम |
| 2. | उत्तर प्रदेश | मिर्जापुर | बहुद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड, कोटवा पांडे | 1,500 | गोदाम |
| 3. | मध्य प्रदेश | बालाघाट | बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, परसवाड़ा | 500 | गोदाम + धान प्राथमिक प्रसंस्करण इकाई |
| 4. | गुजरात | अहमदाबाद | चंद्रनगर ग्रुप सेवा सहकारी मंडली लिमिटेड | 750 | गोदाम |
| 5. | तमिलनाडु | थेनी | सिलामरथुपट्टी प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी | 1,000 | गोदाम |
| 6. | राजस्थान | श्री गंगानगर | घुमुडवाली ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड | 250 | गोदाम + बीज ग्रेडिंग इकाई + कस्टम हायरिंग सेंटर |
| 7. | तेलंगाना | करीमनगर | प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, गंभीरोपेट | 500 | गोदाम+ प्रसंस्करण इकाई |
| 8. | कर्नाटक | बीदर | प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, एकंबा | 1,000 | गोदाम+ प्रसंस्करण इकाई |
| 9. | त्रिपुरा | गोमती | खिलपारा प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड | 250 | गोदाम + प्रसंस्करण इकाई + ग्रामीण हाट |
| 10. | असम | कामरूप | 2 नं. पब बोंगशर जी.पी.एस.एस. लिमिटेड | 500 | गोदाम |
| 11. | उत्तराखंड | देहरादून | बहुद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, सहसपुर | 500 | गोदाम |
| | **कुल** | | | **9,750** | |

**अनुलग्नक – II**

**दिनांक 15.2.2023 के बाद नए गठित पैक्स का राज्य-वार ब्योरा**

| क्रम सं. | राज्य | पैक्स |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 126 |
| 4 | असम | 238 |
| 5 | बिहार | 39 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 0 |
| 7 | गोवा | 24 |
| 8 | गुजरात | 458 |
| 9 | हरियाणा | 21 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 91 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 161 |
| 12 | झारखंड | 45 |
| 13 | कर्नाटक | 180 |
| 14 | लद्दाख | 3 |
| 15 | लक्षद्वीप | 0 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 199 |
| 17 | महाराष्ट्र | 177 |
| 18 | मणिपुर | 72 |
| 19 | मेघालय | 217 |
| 20 | मिजोरम | 41 |
| 21 | नागालैंड | 13 |
| 22 | ओडिशा | 1,534 |
| 23 | पुडडुचेरी | 3 |
| 24 | पंजाब | 0 |
| 25 | राजस्थान | 970 |
| 26 | सिक्किम | 24 |
| 27 | तमिलनाडु | 29 |
| 28 | तेलंगाना | 0 |
| 29 | दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव | 5 |
| 30 | त्रिपुरा | 187 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 516 |
| 32 | उत्तराखंड | 543 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 20 |
| 34 | चंडीगढ़ | 0 |
| 35 | दिल्ली | 0 |
| 36 | केरल | 0 |
| **कुल योग** | | **5,937** |

**अनुलग्नक – III**

**पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना की स्थिति (30 जून 2025)**

| क्रम सं. | राज्य | अनुमोदित पैक्स | ईआरपी पर ऑनबोर्ड किए गए | ईआरपी पर गो लाइव | डे-एंड | संपरीक्षा पूर्ण | हार्डवेयर वितरित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | 12,000 | 11,954 | 11,828 | 10,690 | 3,379 | 12,000 |
| 2. | राजस्थान | 7,468 | 5,900 | 5,335 | 5,233 | 812 | 6,781 |
| 3. | गुजरात | 5,754 | 5,627 | 4,513 | 4,082 | 2,046 | 5,754 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | 5,686 | 3,048 | 2,990 | 2,584 | 1,112 | 3,062 |
| 5. | **कर्नाटक** | **5,682** | **3,765** | **1,930** | **1,728** | **408** | **5,491** |
| 6. | मध्य प्रदेश | 5,188 | 4,428 | 4,491 | 4,272 | 4,062 | 4,534 |
| 7. | तमिलनाडु | 4,532 | 4,531 | 4,529 | 4,528 | 27 | 4,532 |
| 8. | बिहार | 4,495 | 4,460 | 4,444 | 4,431 | 3,299 | 4,477 |
| 9. | पश्चिम बंगाल | 4,167 | 3,145 | 3,123 | 2,959 | - | 3,314 |
| 10. | पंजाब | 3,482 | 3,408 | 2,217 | 2,080 | 7 | 3,456 |
| 11. | ओडिशा | 2,711 | - | - | - | - | - |
| 12. | आंध्र प्रदेश | 2,037 | 2,021 | 2,021 | 1,986 | - | 2,021 |
| 13. | छत्तीसगढ़ | 2,028 | 2,028 | 2,025 | 2,027 | 1,606 | 2,028 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1,789 | 965 | 850 | 742 | 435 | 1,789 |
| 15. | झारखंड | 2,797 | 1,414 | 1,479 | 1,424 | 1,272 | 1,500 |
| 16. | हरियाणा | 710 | 609 | 582 | 433 | 6 | 710 |
| 17. | उत्तराखंड | 670 | 670 | 669 | 588 | - | 670 |
| 18. | असम | 583 | 579 | 573 | 442 | 166 | 583 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19. | जम्मू और कश्मीर | 537 | 536 | 534 | 536 | 530 | 537 |
| 20. | त्रिपुरा | 268 | 207 | 193 | 195 | 166 | 268 |
| 21. | मणिपुर | 232 | 175 | 170 | 169 | 81 | 169 |
| 22. | नागालैंड | 231 | 64 | 48 | 18 | 2 | 231 |
| 23. | मेघालय | 112 | 99 | 105 | 93 | - | 109 |
| 24. | सिक्किम | 107 | 103 | 105 | 69 | 50 | 107 |
| 25. | गोवा | 58 | 45 | 42 | 27 | 3 | 56 |
| 26. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 46 | 46 | 46 | 45 | 19 | 46 |
| 27. | पुडडुचेरी | 45 | 43 | 44 | 42 | 3 | 45 |
| 28. | मिजोरम | 49 | 25 | 25 | 22 | 22 | 25 |
| 29. | अरुणाचल प्रदेश | 14 | 11 | 11 | 11 | 5 | 14 |
| 30. | लद्दाख | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 31. | दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव | 4 | 4 | 4 | 4 | 3 | 4 |
| | **कुल** | **73,492** | **59,920** | **54,936** | **51,470** | **19,531** | **64,323** |

*****